RCMP·GRC

ROYAL CANADIAN MOUNTED POLICE • GENDARMERIE ROYALE DU CANADA





# कैनेडा में RCMP:

# नवागंतुक के लिये गाईड





Royal Canadian Mounted Police | Gendarmerie royale du Canada

Canada


POLICE




# ब्रिटिश कोलंबिया में RCMP से संपर्क करना

| | |
|---|---|
| **आपात स्थिति** | **9-1-1**<br>**(कॉल करने वालों को अंग्रेज़ी बोलने की ज़रूरत नहीं है)** |
| **आम स्थिति** | **अपनी स्थानीय RCMP डिटैचमैंट को कॉल करें**<br>**http://www.rcmp-grc.gc.ca/detach/en** |
| **वैबसाइट** | **www.bc.rcmp.ca (अंग्रेज़ी और फ़्रैंच)** |
| **ट्विटर** | **@bc.rcmp** |
| **फ़ेसबुक** | **BC RCMP News** |

# विषय सूची

भूमिका....5

RCMP के बारे में/ पुलिस की भूमिका....5

पुलिस से संपर्क करना....6

**कॉल 911 – आपात-स्थिति**....6

आकस्मिक 911 कॉल्स....6

आम स्थिति....6

पुलिस को कॉल करते समय आपको क्या चाहिए?....7

अपराध की गुप्त रूप से रिपोर्ट करना....8

ऑनलाइन रिपोर्ट करना....8

पुलिस के साथ पारस्परिक प्रभाव....8

आपके घर पर....8

ड्राइविंग करते हुए....9

यदि पुलिस ने आपको हिरासत में लिया है या गिरफ़्तार किया है....10

प्रश्न, चिंताएं और शिकायतें....11

पीड़ित संबंधी सेवाएं....11

VictimLink BC....11

आपराधिक रिकॉर्ड और संवेदनशील क्षेत्र की जांच....12

कैरियर के अवसर....12

वॉलंटियर बनने के अवसर....12

सहायक कॉन्सटेबल कार्यक्रम. ....13

न्याय के सिद्धांत संबंधी कार्यक्रम....13


घरेलू हिंसा....13

घृणा-अपराध....13

लापता व्यक्ति....14

बुज़ुर्गों की सुरक्षा ........ 14
बुज़ुर्गों से दुर्व्यवहार ........ 15
अपराध की रोकथाम ........ 15
व्यक्तिगत सुरक्षा ........ 15
डकैती ........ 15
गाड़ियों संबंधी अपराध ........ 16
घर की सुरक्षा ........ 16
सड़क सुरक्षा ........ 16
धोखाधड़ी और घोटाले ........ 17
आपके बच्चों को सुरक्षित रखना ........ 17
दादागिरी ........ 17
इंटरनैट की सुरक्षा ........ 18
गिरोह ........ 18
ड्रग्स ........ 19
BC के अतिरिक्त संसाधन ........ 20











POLICE
9-1-1
Canada



# भूमिका

इस गाईड का उद्देश्य निम्नलिखित के बारे में जानकारी प्रदान करना है:

- कैनेडा में पुलिस की भूमिका
- पुलिस से कब और कैसे संपर्क करें
- यदि पुलिस द्वारा संपर्क किया गया है या पूछताछ की गई है, तो क्या उम्मीद करें,
- अपराध की रोकथाम संबंधी कार्यक्रम
- अपने पास-पड़ोस में अपराध की रोकथाम करने में आप सक्रिय भूमिका कैसे निभा सकते हैं।

## RCMP के बारे में/पुलिस की भूमिका

RCMP कैनेडा की राष्ट्रीय पुलिस सेवा है और BC के पुलिस बल के अधिकार-क्षेत्र वाले कई कस्बों और शहरों के लिए भी कार्य करती है। RCMP सांस्कृतिक संवेदनशीलता हेतु प्रतिबद्ध है और सभी लोगों के साथ निष्पक्ष और सम्मानजनक व्यवहार करती है। RCMP निम्नलिखित कार्यों के लिए ज़िम्मेदार है:

- अपराध की रोकथाम और जांच;
- अपराध की रोकथाम और जांच;
- कानून लागू करना; राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान;

RCMP, विशेष तौर पर इन स्थितियों में मदद कर सकती है, जैसे:

- घर में सेंधमारी की जांच करना।
- वाहन की टक्कर होने पर यातायात सुरक्षा में मदद करना।
- लापता व्यक्ति को ढूंढना।
- अतिरिक्त अपराध रोकने के लिए अपराध की रोकथाम संबंधी जानकारी देना।
- सामुदायिक उत्सवों में हिस्सा लेना और विशेष कार्यक्रमों में यातायात नियंत्रण करना।

## वर्दी

पुलिस अधिकारी सामान्य ड्यूटी पर गश्त, यातायात सेवाओं और विशेष जांच सेवाओं जैसी विभिन्न भूमिकायों में काम करते हैं। वे अलग-अलग ढंग की वर्दी पहन सकते हैं, जैसे:

- **नियमित वर्दी** – सामान्य ड्यूटी अधिकारी, यातायात सेवाओं और सामुदायिक पुलिस अधिकारी पहनते हैं
- **लाल या नीला सर्ज** – मुख्य तौर पर विशेष कार्यक्रमों और औपचारिक उद्देश्यों के लिए पहना जाता है। प्रतिष्ठित लाल सर्ज कैनेडा के प्रतीक के तौर पर पूरी दुनिया में मान्यताप्राप्त वर्दी है।
- **आम कपड़े** - किए जाने वाले कार्यों को ध्यान में रखते हुए विशेष टीमें व्यावसायिक पोशाक या आम कपड़े पहन सकती हैं।




यदि आपको भरोसा नहीं है कि कोई व्यक्ति एक पुलिस अधिकारी है, तो आप उनका पुलिस पहचान-पत्र कार्ड या बैज देखने के लिए कह सकते हैं। जानकारी सत्यापित करने के लिए आप अपने स्थानीय पुलिस कार्यालय को भी कॉल कर सकते हैं।

## पुलिस से संपर्क करना

**सभी अपराधों और शक्की गतिविधि की रिपोर्ट करने के लिए,** हम आपको अपनी स्थानीय पुलिस सेवा से संपर्क करने के लिए प्रेरित करते हैं।

### कॉल 911 – आपात स्थिति

पुलिस, अग्निशमन (फ़ायर) या मैडिकल आपात-स्थितियों में तुरंत 911 पर (दिन में 24 घंटे, हफ़्ते में 7 दिन) कॉल करें।

**911 पर कब कॉल करें, के उदाहरणः**

- आपात-स्थिति में आग लगना, हो रहा अपराध या मैडिकल या जीवन को ख़तरे में डालने वाली घटना शामिल होती है, जिसमें एंबुलैंस की ज़रूरत पड़ती है।
- किसी का जीवन ख़तरे में है या व्यक्ति या संपत्ति को तुरंत ख़तरा है।
- हो रहा अपराध, जैसे सैंध लगाना और अंदर दाख़िल होना।
- जब गंभीर अपराध अभी हुआ हो और शक्की अभी भी आस-पास हो सकता है और/या घटनास्थल पर वापिस आया है।
- जब शक्की को गिरफ़्तार करने या गंभीर अपराध को रोकने का बढ़िया मौका हो।

जब आप 911 पर कॉल करते हैं, तो ऑपरेटर आपसे पूछेगा कि आपको पुलिस, फ़ायर या एंबुलैंस चाहिए और किस शहर के लिए चाहिए। यदि आप अग्रेज़ी नहीं बोल पाते, तो ऑपरेटर को बताएं कि आप किस भाषा में बात करना चाहते हैं और वह अपनी तरफ़ से व्यक्ति ढूंढने की बढ़िया कोशिश करेंगे, जो आपकी मातृ-भाषा भाषा बोलता हो। उदाहरण के लिए, आप बोल सकते हैं "पुलिस, सरी और मंदारिन बोलें।"

यदि आप किसी भी वजह से बात नहीं कर सकते, तो ऑपरेटर तुरंत उस पते पर पुलिस अधिकारी को भेजेगा, जो फोन नंबर दिया गया है।

**आकस्मिक** 911 **कॉल्स**

प्रत्येक वर्ष हज़ारों आकस्मिक **911** कॉल्स प्राप्त होती हैं। इनमें से कुछ कॉल्स रोकने के लिए हमारी मदद करने के लिएः

- अपने घर या सैल्यूलर फोन पर 911 की पहले से प्रोग्रामिंग न करें।
- जेब में डॉयल होने से बचने के लिए अपने सैल्यूलर फोन को लॉक करना सुनिश्चित करें।
- अपने बच्चों को समझाएं कि आम स्थिति में 911 पर कैसे और कब डॉयल करें।

**यदि आप ग़लती से 911 डॉयल करते हैं, तो ऑपरेटर से बात करने के लिए फोन पर बने रहें। अन्यथा हमें आपको कॉल करनी होगी या कोई व्यक्ति आपके घर पहुंचेगा। यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है कि आप सुरक्षित हैं। ग़लती से कॉल करने पर आप किसी परेशानी में नहीं पड़ेंगे या आपको टिकट नहीं मिलेगी, पर हम आपको कहते हैं कि आप कभी भी फोन बंद न करें, हमेशा लाइन पर बने रहें और बताएं कि क्या हुआ है।**

जब आपको एक ऐसे अपराध की रिपोर्ट करनी है, जो कि एक सामान्य अपराध है, तो सामान्य लाइन पर कॉल करें। अपनी स्थानीय RCMP का सामान्य नंबर ढूंढने के लिए RCMP की वैबसाइट पर जाएं: http://www.rcmp-grc.gc.ca/detach/en (अंग्रेज़ी और फ्रैंच)

**सामान्य कॉल के उदाहरण:**

- पहले से ही हो चुके अपराध की रिपोर्ट करनी, और वहाँ कोई शक्की (जैसे रात में आपकी गाड़ी में सेंधमारी की गई है) नहीं हैं।
- शक्की और उपद्रवी व्यवहार की रिपोर्ट (जैसे शोर-शराबे वाली पार्टी) करना।
- आपके पास पहले से मौजूद पुलिस फ़ाइल के लिए आगे की कार्रवाई के लिए जानकारी प्राप्त करना या जानकारी देना।

***इसका निरीक्षण करें। इसकी रिपोर्ट करें।***

यदि आपको कुछ असामान्य या अनुचित लगता है, तो अपने दिल की बात सुनें और इस बारे में पुलिस को रिपोर्ट करें। शक्की गतिविधि में शामिल हो सकती है:

- कोई आपकी कारों और खिड़कियों में झांक रहा है
- एक अनजान व्यक्ति, जिसका पास-पड़ोस में होने का कोई उद्देश्य नज़र नहीं आता

**पुलिस को कॉल करते समय आपको क्या चाहिए?**

दूरसंचार ऑपरेटरों को प्रश्नों की एक श्रृंखला के ज़रिये आपसे विशेष जानकारी इकट्ठी करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। लाइन पर बने रहें, शांत रहें और प्रश्नों के उत्तर दें, हमारी प्रतिक्रिया का मार्गदर्शन करने में आप मदद कर सकते हैं। क्योंकि आप इन प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं, दूरसंचार ऑपरेटर उस पुलिस अधिकारी को जानकारी दे रहे हैं, जो आपके घर की ओर आ रहा है।


**यहाँ कुछ प्रश्न दिए गए हैं, जिनके बारे में दूरसंचार ऑपरेटर आपसे पूछेगा:**

- घटना के बारे **क्या** रिपोर्ट दी जा रही है?
- यह घटना **कब** हुई थी?
- यह घटना **कहाँ** हुई थी?
- इस घटना में **कौन** शामिल था?
- आपको **क्यों** लगा है कि यह घटना हुई थी?

*ऑपरेटर यह भी पूछ सकता है कि क्या घटनास्थल पर कोई शराब, ड्रग्स या हथियार हैं, ताकि वह उन अधिकारियों को यह जानकारी दे सके, जो घटनास्थल पर आ रहे हैं।*

यदि आप एक शक्की, गवाह या पीड़ित के तौर पर पुलिस वारदात में शामिल हैं, तो अधिकारी आपसे पूछेगा:

- पूरा नाम
- जन्म-तिथि
- पता और फोन नंबर।



यह जानकारी पुलिस के सुरक्षित डाटाबेस में दर्ज की जाएगी। आपकी जानकारी किसी को भी या किसी अन्य उद्देश्य के लिए उपयोग करने हेतु नहीं दी जाएगी।

### गुप्त तौर पर अपराध की रिपोर्ट करना

- यदि आप गुप्त तौर पर अपराध की रिपोर्ट करना चाहते हैं, तो आप 1-800-222-TIPS पर क्राइम स्टॉपर्स से या http://www.bccrimestoppers.com/ पर ऑनलाइन संपर्क कर सकते हैं।
- क्राइम स्टॉपर्स 115 से अधिक भाषाओं में जानकारी लेते हैं।
- आप अपने समुदाय में पुलिस सेवा में जाकर अपराध की रिपोर्ट कर सकते हैं।
- यदि आप पहले से रजिस्टर्ड वधिर हैं, ऊंचा सुनते हैं या बोलने में दिक्कत है, तो आप 9-1-1 पर टैक्सट कर सकते हैं।

### ऑनलाइन रिपोर्ट करना

कई प्रकार के अपराधों की अब ऑनलाइन रिपोर्ट की जा सकती है। यह पता लगाने के लिए आप अपनी स्थानीय पुलिस सेवा का वैब पेज देखें कि क्या वहाँ ऑनलाइन रिपोर्टिंग की जा सकती है।

यदि आपके इलाके में ऑनलाइन रिपोर्टिंग हो सकती है, तो रिपोर्टिंग की श्रेणियों में शामिल हैं:

- $5,000 से कम का सामान गुम हुआ है या चोरी (कोई शक्की नहीं) हुई है।
- कार में $5,000 से कम का जान-बूझकर नुकसान करना या सेँधमारी (कोई शक्की नहीं) करनी।
- टक्कर मार कर भागने की वजह से $5,000 से कम की हानि (कोई शक्की नहीं)।
- यातायात की उल्लंघना, जैसे ख़तरनाक ड्राइविंग।




## पुलिस के साथ पारस्परिक प्रभाव

ऐसे कई कारण हैं, जिनकी वजह से पुलिस को या तो घर के अंदर या समुदाय में बाहर होते समय आपसे कुछ पूछना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, पुलिस:

- चल रही जांच के बारे में बात करना चाह सकती है।
- जो अपराध हुआ है, के बारे में जानकारी के लिए अपने पास-पड़ोस में खोज करना चाह सकती है।
- अपराध की रोकथाम या सुरक्षा जानकारी उपलब्ध करना चाह सकती है।

आप आमतौर पर पुलिस अधिकारियों को उनकी वर्दी से पहचान सकते हैं। कई बार आपकी मुलाकात ऐसे अधिकारियों से हो सकती है, जो बिना वर्दी के होते हैं। यदि आपको पुलिस अधिकारी की पहचान के बारे में कोई संदेह है, तो आप अधिकारी के नाम और बैज नंबर समेत उनकी सरकारी पहचान के बारे में पूछ सकते हैं।

### आपके घर पर

जब आप घर पर होते हैं, तो यदि पुलिस आपके निवास-स्थान पर आती है, तो आपको जवाब देना चाहिए। यदि आपकी कोई सांस्कृतिक परंपरा है और आप चाहते हैं कि अधिकारी को इस बारे में पता हो, तो कृपया उन्हें बताएं। ***कृपया ध्यान दें कि पुलिस अधिकारी, जो कि ड्यूटी पर है, घर में आते समय अपने जूते नहीं उतारेंगे।***

यदि आपको कोई बात समझ नहीं आती, तो प्रश्न पूछने से न डरें। यदि आप अंग्रेज़ी नहीं बोलते, तो अपनी मदद के लिए आप परिवार के सदस्य, दोस्त या पड़ोसी को कह सकते हैं। यदि आस-पास कोई नहीं है, तो अधिकारी अपनी तरफ़ से आपकी पसंदीदा भाषा में मदद करने के लिए किसी को ढूंढने की पूरी कोशिश करेगा।

**एक पीड़ित...**

***कौन है***

एक व्यक्ति है, जिसे अपराध, दुर्घटना या कार्यक्रम की वजह से भावनात्मक तौर पर या शारीरिक तौर पर नुकसान पहुँचा है।

***गवाह***

जिस व्यक्ति ने अपराध या दुर्घटना होते हुए देखी हो।


***शक्की***

जिस व्यक्ति के बारे में लगता है कि उसने अपराध या जुर्म किया है।

**पुलिस अधिकारी आपके घर में दाख़िल हो सकता है, जब:**

- घर में से किसी व्यक्ति ने उसे अंदर बुलाया हो।
- उनके पास यह बात मानने का उचित कारण है कि कोई आपात-स्थिति है या किसी को आहत किया जा रहा है।
- उनके पास यह दर्शाने वाला कानूनी दस्तावेज़ है कि उन्हें अंदर दाख़िल होने की अनुमति है।
- निवास-स्थान में किसी की भलाई की जांच करने के लिए (जैसे परित्यक्त 911 कॉल)

## ड्राइविंग करते हुए




पुलिस को ड्राइविंग की उल्लंघना या अन्य उल्लंघनाओं की जांच करने के लिए गाड़ी को किसी भी समय रोकने का अधिकार है। एक पुलिस अधिकारी इशारा करके या हाथ के इशारे से या लाइट्स, सायरन या लाउडस्पीकर द्वारा आपको एक ओर आने या अपनी पुलिस की गाड़ी के पास आने का संकेत करेगा।

**पुलिस द्वारा रोके जाने पर सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए:**

- जितनी जल्दी ऐसा करना सुरक्षित हो, आपको गाड़ी धीमी करनी चाहिए और सड़क के दाएं ओर आना चाहिए।
- जब तक पुलिस अधिकारी द्वारा कहा न जाए, अपनी गाड़ी में ही रहना चाहिए।
- खिड़की नीचे करें और आपके हाथ नज़र आने चाहिए।
- अधिकारी से बात करें और अनुरोध किए गए कोई भी दस्तावेज़, जैसे ड्राइवर का लाइसैंस और रजिस्ट्रेशन संबंधी दस्तावेज़ उपलब्ध कराने चाहिए। पुलिस अधिकारी द्वारा दस्तावेज़ दिखाने के लिए कहे जाने पर, उन्हें दिखाना कानूनी तौर पर ज़रूरी है।


यातायात संबंधी जुर्म दो मुख्य श्रेणियों में आते हैं:
**चलती गाड़ी में उल्लंघना:** तेज़ रफ़्तार, लाल बत्ती या रुकने के संकेत पर गाड़ी न रोकना, ग़लत तरीके से लेन बदलना या दूसरी गाड़ी के बहुत नज़दीक गाड़ी चलाना।

**खड़ी गाड़ी में उल्लंघना:** सीट बैल्ट न पहनना, टूटी हुई ब्रेक लाइट्स, ड्राइवर का लाइसैंस, गाड़ी की रजिस्ट्रेशन या गाड़ी के बीमे का सबूत दिखाने में नाकाम रहना।

ड्राइविंग करते समय रोकने के अन्य कारणों में शामिल हैं:

- ख़राब ड्राइविंग (जैसे शराब पीकर गाड़ी चलाना)
- ख़तरनाक या लापरवाही से गाड़ी चलाना
- ड्राइविंग करते हुए मोबाइल उपकरण का उपयोग करना (जैसे टैक्स्ट करना)
- आपराधिक जांच। उदाहरण के लिए, अधिकारी जिस व्यक्ति की तलाश कर रहा है, वो आप, आपकी सवारियों और/या आपकी गाड़ी के विवरण से मेल खा सकती है।
- सुरक्षा चिंताएं

कई कारणों से यातायात रोकना, पुलिस के काम का सबसे ख़तरनाक पक्ष है। किसी अन्य समारोह की तुलना में नियमित यातायात को रोकने का काम करने वाले अधिकारी अधिक घायल होते हैं या मौत के मुंह में चले जाते हैं। अधिकारियों को गाडी में सवार लोगों के कार्यों और व्यवहार की व्याख्या के साथ ही अन्य यातायात की लगातार निगरानी ज़रूर करनी चाहिए। अधिकारियों को एक निश्चित प्रक्रिया का पालन करते हुए गाड़ी को सुरक्षित ढंग से रोकने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। आप, आपकी कार की ओर आने के उनके तरीके से चिंतित हो सकते हैं. परंतु इसका मतलब आपको डराना-धमकाना नहीं है।



**यदि पुलिस ने आपको हिरासत में लिया है या गिरफ़्तार किया है**

यदि पुलिस ने आपको गिरफ़्तार किया है या हिरासत में लिया है, तो कैनेडियन चार्टर ऑफ़ राइट्स एंड फ्रीडम के अंतर्गत आपके कुछ अधिकार हैं। इन अधिकारों में शामिल है:

आपको यह बताना कि आपको गिरफ़्तार या हिरासत में क्यों रखा जा रहा है।

सूचित करना और बिना किसी देरी के वकील रखने का अधिकार देना (इसका मतलब है कि स्थिति नियंत्रण में है और सभी पक्षों की सुरक्षा सुनिश्चित है।)

किसी भी वकील, जिससे आप बात करना चाहते हैं, को टैलिफोन करने की अनुमति देना या लीगल एड के वकील से मुफ़्त सलाह लेना।

युवा अपराधी कानून के अंतर्गत 18 वर्ष से कम उम्र के युवाओं के अतिरिक्त अधिकार हैं, इनमें से एक माता-पिता या अभिभावक से बात करने का अधिकार है।

यदि एक पुलिस अधिकारी को लगता है कि आप एक हो चुके अपराध से किसी तरह जुड़े हुए हैं, तो उसे आपको हिरासत में लेने का अधिकार है। आमतौर पर, वे इस समय का उपयोग स्थिति की और अधिक जांच करने और प्रश्न पूछने के लिए करेंगे। जब एक अपराध के लिए आपको गिरफ़्तार किया जाता हैं, यदि पुलिस अधिकारी गिरफ़्तारी के समय वास्तविक तौर पर आपके नज़दीक है, तो पुलिस अधिकारी आपकी, जो कुछ भी आप ले जा रहे हैं और आपकी गाड़ी की तलाशी ले सकता है। वे सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने, सबूत खोजने और सबूतों को नष्ट किए जाने से बचाने के लिए यह तलाशी लेते हैं।

**प्रश्न, चिंताएं और शिकायतें**

यदि पुलिस के साथ आपकी बातचीत के बारे में आपके प्रश्न, चिंताएं या शिकायतें हैं, तो आपको अपनी बात कहने का अधिकार है। अपनी चिंताओं के बारे में किसी भी समय विचार-विमर्श करने के लिए आप अपनी स्थानीय RCMP डिटैचमैंट से संपर्क कर सकते हैं।

यदि आप अपनी RCMP डिटैचमैंट से प्रत्यक्ष तौर पर संपर्क नहीं करना चाहते, परंतु पुलिस के साथ हुई अपनी बातचीत के बारे में अभी भी चिंताएं हैं, तो आप RCMP के लिए नागरिक समीक्षा और शिकायत आयोग (CRCC) से भी संपर्क कर सकते हैं:

- कैनेडा में कहीं से भी: 1-800-665-6878
  TTY: 1-866-432-5837 (ऊंचा सुनने वाले व्यक्तियों के लिए)
- Civilian Review and Complaints Commission for the RCMP
  (RCMP के लिए नागरिक समीक्षा और शिकायत आयोग)
  P.O. Box 1722, Station B
  Ottawa, ON K1P 0B3
- वैबसाइट: https://www.crcc-ccetp.gc.ca/ (अंग्रेज़ी और फ़्रैंच)

## पीड़ित संबंधी सेवाएं

V पीड़ित संबंधी सेवाएं समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराई जाती हैं, जो कि उत्पीड़न और पुनः-उत्पीड़न के हानिकारक प्रभावों को कम करने में आवश्यक भूमिका निभाती हैं।

RCMP के पीड़ित सेवाओं संबंधी कार्यक्रम के निम्नलिखित उद्देश्य हैं:

- पीड़ितों और उनके परिवारों पर अपराध और सदमे के असर को कम करना और उनके ठीक होने में उनकी मदद करना;
- पीड़ित की सुरक्षा बढ़ानी और आगे चलकर उत्पीड़न का जोखिम कम करने में मदद करना;
- आपराधिक न्याय प्रणाली में पीड़ितों की भागीदारी का स्तर बढ़ाना;
- पीड़ितों को अदालती कार्यवाही के लिए गवाह के तौर पर तैयार करना।

मदद के लिए कॉल से लेकर अपराध की जांच के साथ ही रैफ़रल की पेशकश तक, पुलिस पीड़ित सेवा संगठनों के साथ मिलकर साझेदारी में काम करती है, ताकि अपराध के शिकार लोगों को बिना किसी देरी के सहायता मिलने को सुनिश्चित किया जा सके।

### VictimLink BC

VictimLink BC अपराध के पीड़ितों के लिए प्रांत-व्यापी टैलिफोन हैल्प लाइन है। VictimLink BC में, पीड़ित सहायता वर्कर अपराध के सभी पीड़ितों को सूचना और रैफ़रल देते हैं और परिवार और यौन हिंसा के पीड़ितों को संकट सहायता देते हैं, इसमें यौन हमला, रिश्तों में हिंसा, बुज़ुर्गों से दुर्व्यवहार और शारीरिक या यौन शोषण के बचे हुए व्यस्क (सर्वाइवर) शामिल होते हैं।



VictimLink BC लोगों को समुदाय, सामाजिक, स्वास्थ्य, न्याय और सरकारी संसाधन के नैटवर्क से जोड़ता है, इसमें पीड़ित संबंधी सेवाएं, बदलाव संबंधी घर और परामर्श संबंधी संसाधन शामिल होते हैं। वे न्याय प्रणाली, प्रासंगिक फ़ैडरल और प्रांतीय कानून, अपराध की रोकथाम, सुरक्षा योजना, सुरक्षा संबंधी आदेश की रजिस्ट्री और आवश्यकता अनुसार अन्य संसाधनों के बारे में भी जानकारी प्रदान करते हैं।

VictimLink BC से 1-800-563-0808 पर संपर्क किया जा सकता है। VictimLink के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया उनकी वैबसाइट: http://www.victimlinkbc.ca/ पर जाएं। (अंग्रेज़ी)

## आपराधिक रिकॉर्ड और संवेदनशील क्षेत्र की जांच

आपको विभिन्न उद्देश्यों के लिए आपराधिक रिकॉर्ड की जांच करने की आवश्यकता हो सकती है, इसमें रोज़गार,

बच्चा गोद लेना, अंतर्राष्ट्रीय यात्रा, वॉलंटियर कार्य, नागरिकता, नाम बदलना, विद्यार्थी प्लेसमैंट या रिकॉर्ड रद्द करना (पूर्व में क्षमा) प्राप्त करना शामिल होता है। आपराधिक रिकॉर्ड की जांच के लिए अनुरोध करते समय, सबसे पहले अपनी स्थानीय पुलिस सेवा से संपर्क करें। अधिक जानकारी यहाँ उपलब्ध है:

bc.rcmp.ca > Safety Tips

आपराधिक रिकॉर्ड फ़ाइल में एक व्यक्ति के आपराधिक आरोप, दोषसिद्धि और बरी होने के साथ ही अंगुलियों की छाप संबंधी जानकारी शामिल होती है। यदि व्यक्ति पर आरोप लगा था या दोषी ठहराया गया था, तो इसमें अंगुलियों की छाप शामिल होती है।

**आपराधिक रिकॉर्ड की जांच:** यह प्रक्रिया सत्यापित करती है कि क्या व्यक्ति का आपराधिक रिकॉर्ड है और आवेदक को विस्तृत जानकारी देता है, जिसका कानूनी तौर पर इसका ख़ुलासा किया जा सकता है।

**संवेदनशील क्षेत्र (VS) की जांच**: यह प्रक्रिया सत्यापित करती है कि क्या व्यक्ति के आपराधिक रिकॉर्ड के साथ ही यौन अपराधों के लिए किसी भी रिकॉर्ड को रद्द करना (पूर्व में क्षमा) और VS जांच हेतु प्रासंगिक जानकारी के लिए स्थानीय पुलिस रिकॉर्ड हैं। जानकारी, जिसका ख़ुलासा किया जा सकता है, आवेदक को उपलब्ध कराई जाती है।

**ध्यान दीजिए:** यदि आपको आप्रवासन संबंधी कार्यों के लिए अंगुलियों की छाप संबंधी सेवाओं की ज़रूरत है, तो कृपया पहचान के साथ आप्रवासन विभाग से एक पत्र या फ़ार्म लेकर आएं, जिसमें बताया गया होता है कि किन चीज़ों की आवश्यकता है।

## कैरियर के अवसर

कैनेडा में ऐसा कोई अन्य पुलिस बल नहीं है, जो RCMP द्वारा दी जाने वाली सेवाओं का स्तर और विविधता प्रदान करता हो। 150 से अधिक विशेषज्ञताओं सहित RCMP के साथ कैरियर निरंतर सीखने और विकास के अवसरों से भरा है।

RCMP जैसा कैरियर कोई अन्य प्रदान नहीं करता। यदि आप अपने समुदाय और अपने देश में कुछ बदलाव लाना चाहते हैं, तो पता लगाएं कि हमें क्या पेशकश करनी है और एक ऐसा कैरियर खोजें, जो बिल्कुल भी सामान्य जैसा न हो!

RCMP के लिए आवेदन करने हेतु आपको आवश्यकताओं की सूची ज़रूर पूरी करनी चाहिए और रजाईना , सस्कैचवान में RCMP अकैडमी में 6 महीने बिताने के लिए तैयार रहना चाहिए। शर्तों और होने वाली भर्ती संबंधी कार्यक्रमों की पूरी सूची के लिए, कृपया नीचे दी गई वैबसाइट पर जाएं:

www.rcmp-grc.gc.ca (अंग्रेज़ी और फ़्रैंच)

## वॉलंटियर बनने के अवसर

सामुदायिक पुलिसिंग सेवाओं की कामयाब डिलीवरी में वॉलंटियर एक अभिन्न अंग हैं और विशेष तौर पर डिटैचमैंट स्तर पर महत्वपूर्ण हैं, जहाँ उनका काम अक्सर हमारे सदस्यों, स्टाफ़ और सामुदायिक क्लाइंटों के साथ सक्रिय भागीदारी करना है।



वॉलंटियर कार्यक्रमों का उद्देश्य कर्मचारियों की जगह काम करना है और उनकी जगह लेना नहीं है। वॉलंटियर, नियमित सदस्यों द्वारा लागू किए जाने वाले कानून या परिचालन कर्तव्यों का काम नहीं करते।

सामुदायिक पुलिसिंग के लगभग हर काम में वॉलंटियर मदद करते हैं। यहाँ कुछ उदाहरण दिए गए हैं:

- ब्लॉक वॉच
- ऑपरेशन रैड नोज़
- बाइक रोडियोज़/पैट्रोल्स

- हवाई-अड्डे/समुद्री-तट की निगरानी
- पाईप्स एंड ड्रम्स बैंड
- पीड़ित सेवाओं संबंधी कार्यक्रम
- सामुदायिक सलाहकार समिति
- सिटीज़न्स ऑन पैट्रोल
- सामुदायिक पुलिस कार्यालय

RCMP के साथ जुड़े वॉलंटियरों को कुछ आवश्यकताएं ज़रूर पूरी करनी चाहिए, इसमें कम से कम 16 वर्ष की उम्र होना, ज़िम्मेदार और अच्छा चरित्र होना और सुरक्षा मंज़ूरी को उचित स्तर तक हासिल करना शामिल है।

### सहायक कॉन्सटेबल कार्यक्रम

सहायक कॉन्सटेबल वर्दीधारी वॉलंटियर होते हैं, जो बिना हथियार और RCMP की निगरानी के अंतर्गत सामुदायिक पुलिसिंग गतिविधियों में भाग लेते हैं। वे समुदाय-आधारित पुलिसिंग और अपराध की रोकथाम में मदद करते हैं और अन्य परिस्थितियों में भी अधिकारियों की मदद कर सकते हैं।

### मज़बूत न्याय संबंधी कार्यक्रम

मज़बूत न्याय संबंधी कार्यक्रम, वॉलंटियर आधारित कार्यक्रम है, जो युवाओं द्वारा किए गए अपराध के प्रभावों को समझने के लिए उन्हें प्रेरित करने में उनकी मदद करते हैं और इसे बेहतर बनने के लिए अवसर उपलब्ध करता है। वॉलंटियर के तौर पर, आप अपराधियों और पीड़ितों के बीच में मीटिंगों का प्रबंध करने और उन्हें सहज करने में मदद करेंगे।

## कार्यक्रम और सेवाएं

### घरेलू हिंसा
हिंसा शारीरिक, भावनात्मक या यौन शोषण के रूप में हो सकती है। यह किसी भी रिश्ते में हो सकती है और लिंग, उम्र या जातीय मूल को ध्यान में रखे बिना लोगों पर प्रभाव डालती है। घरेलू हिंसा निजी या पारिवारिक मामला नहीं है और यह कानून के ख़िलाफ़ है। यदि आप या आपको कोई जानकार घरेलू हिंसा का शिकार है, तो मदद उपलब्ध है। आप अपनी स्थानीय पुलिस सेवा या 1-800-563-0808 पर VictimLink BC से संपर्क कर सकते हैं, क्योंकि वे कई विभिन्न भाषाओं में सहायता उपलब्ध कर सकते हैं।

### घृणा-अपराध
कैनेडा में घृणा-अपराध को किसी व्यक्ति, समूह या संपति के ख़िलाफ़ किसी भी आपराधिक जुर्म के तौर पर परिभाषित किया जाता है, यह जुर्म एक पहचाने जाने वाले समूह के प्रति घृणा या पूर्वाग्रह से प्रेरित होता है। BC में एक समर्पित घृणा अपराध संबंधी टीम है। निम्नलिखित पहचाने जाने वाले इन समूहों को कैनेडा की आपराधिक संहिता में दर्शाया गया है: जाति, रंग, जातीयता, धर्म, उम्र, मानसिक या शारीरिक अक्षमता, लिंग या यौन रुझान या कोई अन्य ऐसा ही कारक।

पुलिस को रिपोर्ट किए गए घृणा-अपराधों को गंभीरता से लिया जाता है। आम अपराधों के मुकाबले घृणा-अपराध के दोषियों को अन्य आपराधिक जुर्मों की तुलना में अधिक सज़ा का सामना करना पड़ सकता है।

सरकार, पुलिस और सामुदायिक संस्थाएं घृणा-अपराध के ख़िलाफ़ एकजुट हैं। ये संगठन पहचान के आधार पर हमलों से प्रभावित व्यक्तियों और समुदायों की सुरक्षा और समर्थन के लिए मौजूद हैं।

- घृणा-अपराध की रिपोर्ट करने के लिए 9-1-1 पर कॉल करें।

- वारदात की रिपोर्टिंग करते समय बताएं कि आप घृणा से जुड़े अपराध की रिपोर्ट कर रहे हैं।
- हमलों, प्रहार करने या धमकियों जैसी आपात-स्थितियों की रिपोर्ट करें।
- भित्तिचित्र, तोड़-फोड़ और घृणा-प्रचार जैसे आम अपराधों की रिपोर्ट करें। स्थिति से निपटने के लिए ऑपरेटर आपको उपयुक्त डिटैचमैंट से कनैक्ट करेगा।

**मानसिक स्वास्थ्य और सदमा**

नए देश में आना इतना आसान नहीं है, विशेष तौर पर ऐसे व्यक्ति के लिए, जो लड़ाई वाले क्षेत्र से आ रहा है। एक दर्दनाक घटना या घटनाओं की श्रृंखला के बाद कुछ लोग बीती हुई यादों और अन्य चुनौतियों के साथ अनुभव को फिर से जीना जारी रखते हैं। यह उनके जीवन को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर सकता है। इसे सदमे के बाद दबाव संबंधी विकार कहा जाता है और यह मानसिक बीमारी का एक रूप है। सदमा और सदमे के दबाव संबंधी विकार, उन लोगों के लिए आम लक्षण और स्थितियां हैं, जो हथियारबंद लड़ाईयों की वजह से अपने घरों और देशों से विस्थापित हुए हैं।

यदि आपको या जिसकी आप देखभाल करते हैं, को सदमा होने के बाद दबाव संबंधी विकार है, तो अच्छी बात यह है कि अपने डॉक्टर से बात करें। अपनी भौगोलिक स्थिति के लिए विशिष्ट संसाधनों हेतु इस पुस्तिका के पीछे दिया गया संसाधन अनुभाग देखें।

**लापता व्यक्ति**

यदि पति/पत्नी, बच्चा या रिश्तेदार लापता हो जाता है, तो आपको पुलिस से संपर्क करना चाहिए। किसी के लापता होने की रिपोर्ट करने के लिए आपको एक निश्चित अवधि की **प्रतीक्षा करने की ज़रूरत नहीं है।** पुलिस आपसे लापता व्यक्ति और उसकी आम आदतों के बारे में जानकारी इकठ्ठी करेगी। पुलिस फोटो और कोई अन्य जानकारी पूछेगी, जिससे लापता व्यक्ति को खोजने में मदद मिल सकती है।

यदि आप बच्चों के साथ एक बड़े कार्यक्रम में जा रहे हैं, तो चलने से पहले सुरक्षा प्लान बनाएं कि यदि आप बिछड़ जाएं, तो क्या करें।

इसमेँ मिलने की एक आम जगह का प्रबंध करना या बच्चों को यह बताना शामिल हो सकता है कि वे पुलिस अधिकारी जैसे व्यक्ति से पूछ सकते हैं।

**बुज़ुर्गों की सुरक्षा**

यह जानकारी समुदाय और विशेष रूप से बुज़ुर्ग नागरिकों और उनकी देखभाल करने वालों के लिए बुज़ुर्गों के शोषण, सुरक्षा चिंताओं, धोखाधड़ी और घोटालों को पहचानने के लिए दी गई है।

RCMP, बुज़ुर्गों के ख़िलाफ़ इन घटनाओं को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है और नागरिकों के साथ भागीदारी में काम करके हम सुरक्षित समुदायों का निर्माण करते हैं।



रोकथाम संबंधी तकनीकों की शिक्षा और जागरूकता आपको संभावित अपराध की स्थिति को पहचानने और जोखिम को कैसे कम करें या इसे दूर करने का तरीका दिखाने में मदद कर सकती है।

अपने समुदाय में शामिल होने और अपनी स्थानीय पुलिस को जानने से आपकी सुरक्षा की भावना बढ़ सकती है। आपकी भागीदारी आपके समुदाय के लिए उपलब्ध कार्यक्रमों और सेवाओं को भी बढ़ा सकती है।

अधिक जानकारी के लिए यहाँ जाएं:

bc.rcmp.ca > Safety Tips > Personal Safety > Seniors Safety Guidebook (अंग्रेज़ी और फ़्रैंच)

### बुज़ुर्गों से दुर्व्यवहार

बुज़ुर्गों से दुर्व्यवहार से तात्पर्य उस हिंसा, दुर्व्यवहार या उपेक्षा से है, जिसका सामना निजी रिहायशों या संस्थानों में रहने वाले बुज़ुर्गों को अपनी पत्नियों, बच्चों, परिवार के अन्य सदस्यों, प्रदाताओं या अन्य व्यक्तियों के हाथों ताकत या विश्वास की स्थितियों में करना पड़ सकता है।

बुज़ुर्गों के साथ दुर्व्यवहार कई तरह के व्यवहारों में झलक सकता है, जिसके बारे में उन लोगों को ध्यान देना चाहिए, जो अक्सर बुज़ुर्गों के साथ बातचीत करते हैं।

### बुज़ुर्गों से दुर्व्यवहार के रूप:

- उपेक्षा (अन्य लोगों द्वारा)
- शारीरिक शोषण
- यौन शोषण और यौन उत्पीड़न
- मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक शोषण
- आर्थिक शोषण (किसी बुज़ुर्ग का धन या संपत्ति चुराना या दुरुपयोग करना)
- संस्थागत शोषण (भीड़-भाड़, घटिया और/या रहने वाली जगह का गंदा वातावरण)
- अधिकारों की उल्लंघना (आज़ादी और गोपनीयता पर पाबंदी लगाना)
- आध्यात्मिक शोषण (धार्मिक और आध्यात्मिक प्रथाओं, रीति-रिवाज़ों या परंपराओं पर प्रतिबंध लगाना या मनाही करना)

**क्या आपका या आपके किसी जानकार का शोषण हो रहा है, इस बारे में पुलिस को रिपोर्ट करें !**

## अपराध की रोकथाम

RCMP की अपराध की रोकथाम संबंधी सेवाओं और प्रोग्रामिंग का लक्ष्य, कैनेडावासियों को अपराध होने से पहले जोखिम के कारकों को कम करके अपराध की रोकथाम करने और घटाने के असरदार तरीकों के बारे में जानकारी देना है।

हम कार्यक्रम तैयार करने और लागू करने के लिए प्रांतों और इलाकों में अपने भागीदारों और हितधारकों के साथ मिलकर काम करते हैं, जो पूरे कैनेडा में समुदायों में विशिष्ट अपराध संबंधी मामलों को ध्यान में रखते हैं।

### निजी सुरक्षा

कुछ बुनियादी सुरक्षा सुझाव याद रखने से अपराध होने से रोकने में मदद मिल सकती है या आपको स्थिति अनुसार प्रतिक्रिया करने में मदद मिल सकती है। एक सरल लेकिन प्रभावी सुझाव यह है कि आप हर समय अपने आस-पास के बारे चौकस रहें। अपनी सहज प्रवृति पर भरोसा करें और यदि आपको कुछ ठीक नहीं लगता, तो स्थिति से तुरंत दूर चले जाएं और पुलिस से संपर्क करें।

### डकैती

यदि आपसे संपर्क किया जाता है, ज़बानी धमकाया जाता है या शारीरिक तौर पर हमला किया जाता है, तो आप उस व्यक्ति को अपना सामान देकर टकराव से बच सकते हैं – इस सामान में आपका सैल फोन, बटुआ, हैट इत्यादि शामिल हो सकता है। बहस या लडाई करने की कोशिश न करे, क्योंकि इससे स्थिति बिगड़ सकती है।

अतिरिक्त सावधानियां जो आप कर सकते हैं, वे हैं:

- आत्म-विश्वास से चलें और अपने आस-पास के माहौल से चौकस रहें।
- बड़े-बड़े बैग या पर्स लेकर चलने से बचें।
- सैल फोन और कीमती सामान जैसी चीज़ों को छुपा कर रखें।
- केवल पहचान-पत्र, पैसे और/या कार्ड लेकर चलें, जिनकी आपको विशेष ट्रिप के लिए ज़रूरत पड़ेगी।

## गाड़ियों सबंधी अपराध

गाड़ियों सबंधी अपराधों में आपकी गाड़ी चोरी होना या आपकी गाड़ी में चोरी होना, दोनों शामिल हैं। निम्नलिखित द्वारा कई मामलों को रोका जा सकता है:

- चोरी रोकने वाले उपकरण का उपयोग करना।
- तेज़ रोशनी बाले क्षेत्रों या उन जगहों पर पार्किंग करना, जहाँ लोग घूम रहे हों।
- अपनी गाड़ी में से सामान (जैसे शॉपिंग बैग, रेज़गारी, इलैक्ट्रॉनिक्स, ब्रीफ़केस इत्यादि) निकालना।
- गाड़ी गर्म होनें पर अपनी गाड़ी लावारिस न छोड़ें।
- अपने गैरेज का दरवाज़ा खोलने वाला उपकरण छुपा कर रखें या अपने साथ ले जाएं।

## घरेलू सुरक्षा

घर पर कुछ बुनियादी सुरक्षा उपाय करने से चोरों का निशाना बनने की संभावना कम हो सकती है। कुछ सुझावों में शामिल हैं:

- सुनिश्चित करें कि आपका घर उचित ढंग से सुरक्षित है और तेज़ रोशनी में है।
- जब आप घर पर हों, तब भी अपने दरवाज़ों और खिड़कियों को ताला लगाएं।
- अलार्म सिस्टम ज़रूर लगवाएं।
- यदि आप अधिक समय के लिए घर से दूर हैं, तो भरोसेमंद पड़ोसी या दोस्त को अपने घर पर नज़र रखने के लिए कहें।

यह दिखाना बहुत ज़रूरी है कि घर में कोई न कोई है, क्योंकि चोर ख़ाली घरों को निशाना बनाते हैं। ऐसा करना आसान हो सकता है, सुनिश्चित करें कि आपके दरवाज़े के बाहर अख़बारों का ढेर न लगा हो। इसके साथ ही, यदि आप लंबे समय के लिए घर से जाने की योजना बना रहे हैं, तो अपनी बीमा कंपनी से संपर्क करें, जबकि आप यह सुनिश्चित करके गए हैं कि आप अभी भी बीमे के अंतर्गत है, इसलिए कंपनी को आपके घर पर नज़र रखने के लिए किसी व्यक्ति की ज़रूरत पड़ सकती है।

## सड़क सुरक्षा

ड्राइवरों, साइकिल सवारों और पैदल चलने वालों की ज़िम्मेदारी है कि वे सड़क का उपयोग करने वाले अन्य लोगों का ध्यान रखें और कानून का पालन करें।

पैदल चलने वालों को फ़ुटपाथ पर ही रहना चाहिए और निर्धारित स्थानों से ही सड़क पार करनी चाहिए। ख़राब मौसम में या रात के समय विशेष तौर पर चमकीले और रिफ़्लैक्टिव कपड़े पहनें। यदि आप सैर कर रहे हैं और संगीत सुन रहे हैं, तो अपने दोनों कानों में हैडफोन लगाने की कोशिश न करें या अपने आस-पास के माहौल में चौकस रहने के लिए इसकी आवाज़ अधिक ऊंची न रखें।

साइकिल सवार सड़क के नियमों का पालन अवश्य करें और हैल्मैट पहनें। आपको यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि साइकिल की सवारी करने से पहले देखना चाहिए कि यह चलाने के लिए अच्छी हालत में है।

मोटर वाहन कानून में दर्शाए गए अनुसार ड्राइवरों को सड़क के नियमों के बारे में चौकस रहना चाहिए। इसमें बताई गई गति सीमा की पालना करना शामिल होता है, सुनिश्चित करें कि ड्राइव करने के लिए आपकी गाड़ी सुरक्षित है और यह कि सभी सवारियां सीट बैल्टों के साथ सुरक्षित हैं। नशीली दवाओं या शराब के नशे में गाड़ी चलाना ग़ैरकानूनी है और इसकी वजह से गिरफ़्तारी, जुर्माना या जेल हो सकती है।

इसके अतिरिक्त, BC मे ड्राइवरों के लिए फोन कॉल करना या फोन सुनना कानून के ख़िलाफ़ है, जब तक कि वे हैंड-फ़्री उपकरण का उपयोग नहीं कर रहे। ड्राइवर टैक्सट संदेश भी भेज या प्राप्त नहीं कर सकते।

## क्या आप जानते हैं...

- साइकल चलाते समय हैल्मट पहनना कानूनी तौर पर ज़रूरी है।
- जे-वॉकिंग होती है, जब आप उस सड़क पर चलते हैं, जहाँ कोई क्रॉस वॉक या ट्रैफ़िक लाइट नहीं होती। यह एक जुर्म है और इस बात का अवसर बढ़ जाता है कि कार में बैठा ड्राइवर आपको नहीं देख पाएगा, जिसकी वजह से नुकसान हो सकता है।

- कानूनी तौर पर, गाड़ी के ड्राइवर और सभी सवारियों के लिए सीट-बैल्ट लगानी ज़रूरी है।
- 40 पाउंड से कम और 4'9" से छोटे बच्चे को सुरक्षा कारणों से बूस्टर सीट पर बिठाना ज़रूरी है।
- सड़कों पर जल-बुझ रही नीली, लाल या पीली बत्तियों के साथ रुके सभी सरकारी वाहनों के नज़दीक पहुंचने पर ड्राइवरों को गाड़ी की रफ़्तार 'धीमी करके आगे बढ़ जाना' चाहिए।

### धोखाधड़ी और घोटाले

घोटाले का पता लगाना हमेशा आसान काम नहीं है और नए घोटाले रोज़ होते हैं।

यदि आपको शक है कि आप भी धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं या यदि आप पहले ही पैसा भेज चुके हैं, तो शर्मिंदा न हो - आप अकेले नहीं हैं। यदि आप धोखाधड़ी की रिपोर्ट करना चाहते हैं या आपको अधिक जानकारी चाहिए, तो कैनेडियन एंटी-फ़्रॉड सैंटर से संपर्क करें:

फोन द्वारा: 1-888-495-8501
वैबसाइट: http://www.antifraudcentre-centreantifraude.ca (अंग्रेज़ी और फ़्रेंच)

कैसे सुरक्षित रहें, के बारे में आपकी स्थानीय पुलिस सेवा सहायता और जानकारी प्रदान करने में सक्षम हैं, इसमें पहचान की चोरी, बाज़ार में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी (इसमें टैलिमार्किटियर्स और ऑनलाइन धोखाधड़ी) और भुगतान कार्ड संबंधी धोखाधड़ी शामिल होती है। अधिक जानकारी के लिए अपनी स्थानीय डिटैचमैंट से संपर्क करें या

bc.rcmp.ca > Safety Tips > Frauds and Scams पर जाएं (अंग्रेज़ी और फ़्रेंच)

## आपके बच्चों को सुरक्षित रखना

माता-पिता के तौर पर, ऐसी बहुत सी बाते हैं, जिनसे आप अपने बच्चों को सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं

1. बातचीत करना – अपने बच्चों से पूछें, वे कैसा महसूस कर रहे हैं, स्कूल में क्या चल रहा है और उनके दोस्त कौन हैं। उनके दोस्तों के माता-पिता से मिलने के लिए कहना बिल्कुल ठीक है।



2. शामिल होना - इस बात से चौकस रहें कि वे क्या कर रहे हैं और दर्शाएं कि वे जिन गतिविधियों में शामिल है, आपकी उन गतिविधियों में दिलचस्पी है।

3. जिन खेलों और/या अन्य गतिविधियों में उनकी दिलचस्पी हो सकती है, उनमें उनका नाम उनमें रजिस्टर कराएं।

*आपके स्थानीय मनोरंजन केन्द्रों के माध्यम से कई मुफ़्त या कम लागत वाली मनोरंजक गतिविधियां हैं। इन अवसरों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए आप अपनी नगरपालिकाओं की वैबसाइट पर जा सकते हैं।*

### दादागिरी

दादागिरी उस समय होती है, जब कोई व्यक्ति जान-बूझकर दूसरे व्यक्ति को तंग करने (नुकसान पहुँचाने) के लिए कुछ करता है। यह व्यवहार अक्सर दोहराया जाता है और जान-बूझकर किया जाता है। दादागिरी में शामिल हो सकता है: शारीरिक (मारना, धक्का देना), ज़बानी (बेइज़्ज़ती करना, चिढ़ाना), सामाजिक (वहिष्कार, अफ़वाहें) या साइबर (ऑनलाइन, सोशल मीडिया)।

### दादागिरी रोकने के लिए आम सुझाव

- एक भरोसेमंद रिश्ता बनाने में मदद करने के लिए अपने बच्चों के साथ समय बिताना। यदि आपका बच्चा आप पर भरोसा करता है और जानता है कि आप हमेशा उसके साथ हैं, तो कोई समस्या होने पर उनके लिए आपसे बात करना उतना ही आसान होगा।

- एक अच्छा रोल मॉडल बनें और अपने बच्चों को अन्य लोगों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, लिंग या क्षमता पर ध्यान दिए बिना, उनका सम्मान करना सिखाएं।
- अपने बच्चों को दादागिरी के विभिन्न रूपों और वास्तव में इससे होने वाले परिणामों से पहले के नतीजों के बारे में शिक्षित करें। यदि उन्हें कोई डराता-धमकाता है, तो उन्हें इसके बारे में बोलने के लिए प्रेरित करें।
- आपके बच्चे के साथ क्या हो रहा है, के बारे में जानकारी रखने के लिए अन्य माता-पिता या स्टाफ़ के साथ संपर्क रखें।
- अपने बेटे या बेटी को उन समूहों या क्लबों में शामिल होने के लिए प्रेरित करें, जो आत्म-विश्वास और आत्म-सम्मान बढ़ा सकते हैं और हम-उम्र साथियों के साथ रिश्ते मज़बूत करने और दोस्ती बनाने के अवसर दे सकते हैं।

## इंटरनैट सुरक्षा

इंटरनैट का उपयोग अधिक से अधिक लोग करते हैं और यह हमारे रोज़ के जीवन का हिस्सा बन गया है। यह घर, स्कूल, लाइब्रेरी और सैल फोन में कंप्यूटरों के माध्यम से आसानी से उपलब्ध है। माता-पिता के तौर पर, आप यह सुनिश्चित करने में भूमिका निभा सकते हैं कि आपके बच्चे इंटरनैट का उपयोग सुरक्षित तरीके से करें। कुछ चिंताओं में शामिल हो सकती हैं: अनुचित सामग्री, दादागिरी, तंग-परेशान करना या धोखाधड़ी/घोटाले।

सुझाव:

- जब आपके बच्चे इंटरनैट का उपयोग कर रहे हों, तो उन पर निगरानी रखें – कंप्यूटरों को परिवार के व्यस्त रहने वाले स्थानों, जैसे रसोईघर में रखें
- पूरा नाम, जन्म-तिथि, सामाजिक बीमा नंबर, इत्यादि जैसी अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दें। यदि आप एक विशेष सेवा के लिए फ़ॉर्म भर रहे हैं, तो ऐसा URL एड्रैस बार में वैबसाइट का पता डाल कर सुनिश्चित किया जाता है। लिंक्स या ईमेल के द्वारा निजी जानकारी न दें।
- आप ऑनलाइन क्या पोस्ट करते हैं, के बारे में सावधान रहें – चाहे वे संदेश हों तस्वीरें। इंटरनैट पर कुछ भी पोस्ट करते ही, इससे छुटकारा पाना मुश्किल हो सकता है और नौकरी के लिए आवेदन करते समय, आप पर इसका असर पड़ सकता है।

*और अधिक सुझाव तथा जानकारी आपकी स्थानीय डिटैचमैंट पर या bc.rcmp.ca > Safety Tips > Children/Youth पर उपलब्ध है।* (अंग्रेज़ी और फ्रैंच)

## गिरोह

गिरोह एक संगठित समूह है, जो पैसा, ताकत और/या प्रतिष्ठा कायम करने के लिए अपराध करता है। युवा अपने जातीय मूल या वित्तीय स्थिति पर ध्यान दिए बिना गिरोह में शामिल हो सकते हैं।

निम्नलिखित संकेतों से आप पता लगा सकते हैं कि आपका कोई जानकार इसमें शामिल हो सकता है:

- रात को देर से आना।
- रहस्यमय चोटें।
- परिवार और आम दोस्तों के साथ कम समय बिताना।
- नए दोस्तों के बारे में भेद रखना/अचानक दोस्त बदलने।
- पैसा या वस्तुएं, जो उनके पास आमतौर पर नहीं होती या वे ले सकते हैं।
- कपड़ों के विशेष रंग को प्राथमिकता देनी (गिरोह के रंग)।
- निजी सामान पर भित्तिचित्र, जैसे कॉपियों या बैडरूम की दीवारों पर।
- हाथों या शरीर पर टैटू या गिरोह के चिन्ह बनाने।

## ड्रग्स

माता-पिता के तौर पर, नशीली दवाओं के नुकसानदायक असर क्या हो सकते हैं, के बारे में अपने बच्चों को शिक्षित करना बहुत ज़रूरी है। इसका सबसे बढ़िया तरीका, अपने आप को शिक्षित करना है। रोकथाम के लिए शिक्षा और जागरूकता ज़रूरी है। स्थानीय पुलिस अक्सर बच्चों और युवाओं को नशीली दवाओं के बारे में जागरूक करने हेतु जानकारी देने के लिए स्कूलों के साथ भागीदारी करती है।

**क्या आप जानते हैं...**

- युवाओं द्वारा आमतौर पर सबसे अधिक उपयोग किए जाने पदार्थ शराब और तंबाकू हैं।
- दवा की पर्ची पर लिखी दवाएं, जैसे दर्द-निवारक दवाओं को भी नशे के लिए उपयोग किया जाता है और इसके गंभीर प्रभाव हो सकते हैं, विशेष तौर पर, यदि यह दवा खाने वाले व्यक्ति के लिए नहीं लिखी गई।
- घर की सामान्य वस्तुएं, जैसे गोंद, सफ़ाई करने वाले तरल पदार्थ और स्प्रे का उपयोग किया जा सकता है और इसके स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकते हैं।



# BC के अतिरिक्त संसाधन

**क्राइम स्टॉपर्स** ........ **1-800-222-8477 (TIPS)**
अपराध संबंधी जानकारी देना (गुप्त)

**ट्रांज़िट पुलिस** ........ **टैक्सट 877777**
स्काई ट्रेन, बस, स्टेशन या बस स्टॉप पर होने वाले किसी भी मामले की रिपोर्ट करने के लिए

**VictimLink** ........ **1-800-563-0808**
यदि आप अपराध के शिकार हुए हैं, 24/7

**BC211** ........ **2-1-1**
अपने इलाके में सामुदायिक, सरकारी या सामाजिक सेवाओं से जुड़ने के लिए ........ www.bc211.ca/

**ICBC** ........ **604-520-8222**
ड्राइवर संबंधी सेवाएं और दुर्घटना संबंधी दावा करना, 24/7

**फोन बस्टर्स** ........ **1-888-495-8501**
टैलिफोन संबंधी धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने के लिए

**BC की आप्रवासी सेवाओं संबंधी सोसायटी (BC की ISS** ........ www.issbc.org
आप्रवासियों और शरणार्थियों को बसाने में उनकी मदद करने, कैरियर खोजने और कैनेडा में अपना नया जीवन शुरू करने के लिए, जो कुछ उन्हें जानने की ज़रूरत है, के बारे में जानकारी देना।

**क्राइसिस लाइन एसोसिएशन ऑफ़ BC** ........ **1-800-784-2433**
आत्महत्या करने के विचारों आदि संबंधी 24/7 क्राइसिस लाइन वर्करों के साथ बात करने के लिए।

**हैल्थलिंक** ........ **BC811**
मानसिक स्वास्थ्य सहित मुफ़्त स्वास्थ्य जानकारी तक पहुंच करना। अनुवाद उपलब्ध है। ........ www.healthlinkbc.ca

**कैल्टी मानसिक स्वास्थ्य संसाधन** ........ **1-800-665-1822**
बच्चों, युवाओं और परिवारों के मानसिक स्वास्थ्य और मादक द्रव्यों के सेवन से पुनः संबंधित मामलों के लिए

**डायवर्सिसिटी सामुदायिक संसाधन सोसायटी** ........ **604-597-0205**
संकट हस्तक्षेप, विशेष तौर पर लड़ाई वाले क्षेत्रों के शरणार्थियों के लिए सदमे संबंधी परामर्श ........ www.dcrs.ca

**शराब और नशीली दवाओं संबंधी जानकारी तथा रैफ़रल सेवा** ........ **1-800-663-1441**
लोअर मेनलैंड ........ 604-660-9382
जिन लोगों को किसी भी मादक द्रव्यों के सेवन के मामले में दिन में 24 घंटे सहायता की आवश्यकता है।

**जुए से जुड़ी समस्या संबंधी हैल्प लाइन** ........ **1-888-795-6111**
जुए से बुरी तरह प्रभावित लोगों के लिए 24 घंटे जानकारी और रैफ़रल सेवा